2023

HINDI

(Skill Enhancement Course)

Paper : HIN–SE–4014

(अनुवाद विज्ञान)

Full Marks : 50

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×4=4

(क) 'अनुवाद' शब्द का अर्थ क्या है?

(ख) अनुवाद-प्रक्रिया में आने वाले किसी एक मुख्य चरण का उल्लेख कीजिए।

(ग) काव्यानुवाद में आने वाली किसी एक प्रमुख समस्या का उल्लेख कीजिए।

(घ) राजभाषा अधिनियम के अनुसार कितने दस्तावेजों को द्विभाषिक रूप में प्रस्तुत करना अपेक्षित है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×3=6

(क) 'अनुवाद' की एक बहुप्रचलित परिभाषा दीजिए।

(ख) शब्दानुवाद और भावानुवाद में निहित मुख्य अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ग) छायानुवाद का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(क) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

One day a hungry fox was roaming around here and there searching for food. Because of hunger, he was feeling weak and tired. Fortunately, he came to a garden where he saw bunches of grapes laden which were looking quite ripe and juicy. The fox looked at the grapes with longing eyes and licked his chops. But the bunches were too high for him and he was feeling weak. He sat down for a while to take some rest. After some time, he jumped as high as he could, to get at the grapes. But he failed to reach them.

(ख) अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

एक दिन रोज़ी ब्रेड खरीदने के लिए एक किराने की दुकान पर गयी। जब उसने देखा कि दुकानदार अन्य ग्राहकों के साथ व्यस्त है तो उसने एक जार से कुछ टॉफी चुरा ली। जब वह घर वापस आई, उसकी माँ ने पूछा उसको टॉफी कहाँ से मिली? रोज़ी ने अपनी माँ को सच बता दिया। उसकी माँ ने कहा, "चोरी करना वास्तव में बहुत बुरा है। दुकानदार हो सकता है आपको देख नहीं रहा हो लेकिन

भगवान हमेशा हर समय आपको देखते रहते हैं। इसलिए हमें चोरी कभी नहीं करनी चाहिए।'' रोज़ी को उसकी माँ की बात समझ में आ गई और वह दुकानदार को टॉफी वापस करने के लिए फिर दुकान पर गई। दुकानदार उसकी ईमानदारी देखकर बहुत खुश हुआ और इनाम के रूप में उसे कुछ टॉफियाँ दीं।

(ग) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी पारिभाषिक रूप लिखिए :

Administration ; Advocate ; Circular ; Director ; Estimate ; Grant ; Headquarters ; Income Tax ; Manager ; Passport.

(घ) निम्नलिखित कार्यालयीन अभिव्यक्तियों के हिन्दी मानक रूप लिखिए :

Action is under way ; Approved as proposed ; Call for explanation ; Delay is regretted ; Do the needful ; Early action please ; File these papers ; I disagree ; Issue today ; Kindly reply.

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) अनुवाद-कार्य की महत्ता और बहुभाषिक समाज में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

अथवा

अनुवाद की प्रकृति की दृष्टि से उसके प्रमुख दो प्रकारों पर आलोकपात कीजिए।

(ख) अनुवाद-कार्य में द्विभाषिक द्वारा किए जाने वाले अर्थान्तरण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कविता/काव्य के अनुवाद के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(ग) हिन्दी में परिपत्र का एक नमूना प्रस्तुत करते हुए उसे अंग्रेजी में अनूदित कीजिए।

अथवा

साहित्यिक अनुवाद और कार्यालयीन अनुवाद में अंतर स्पष्ट कीजिए।

★★★